# रजत जयंती के अवसर पर शहीदों के सम्मान के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया गया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई में रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू एवं संदीप निरंकारी की उपस्थिति में नेहरू नगर चौक पर सफाई अभियान चलाया गया। शहर के नागरिको में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से चौक के किनारे शहीदो की मूर्तियों की घुलाई कर माल्यार्पण किया गया। स्मारक के आस—पास झाडू लगाकर सफाई अभियान चलाया गया।महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं आम नागरिकों को श्रमदान करने एवं सफाई में सहयोग करने के लिए शपथ दिलाए। साथ ही सुपेला घड़ी चौक एवं जुनवानी सूर्या मॉल में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया गया। जोन क्रं. 04 स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य द्वारा बच्चों को श्रमदान एवं स्वच्छता के प्रति सजगता हेतु शपथ ग्रहण करवाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, बीरेंद्र बंजारे हेमंत मांझी, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, अतुल यादव, चूड़ामणि यादव, क्रिस्टोफर पाल सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।